In this election, a total of 1,288 candidates, including 239 from national parties, 86 from state level parties, 590 from registered unrecognized parties and 373 independents were in the fray for the 80 Lok Sabha seats of the state. Of these, the deposits of 1,087 (84.39%) candidates were lost. Among the 1,087 candidates who lost their deposits, 101 were from national parties, 27 from state level parties while maximum 586 candidates from registered unrecognised parties had their deposits confiscated.

Deposits of 373 independent candidates who contested the elections were also confiscated.

In the 2009 Lok Sabha elections, the security deposit of 1,155 out of 1,368 candidates ie 84.42% was confiscated while in the 2004 Lok Sabha elections, 907 out of 1,138 candidates ie 79.70% percent lost their deposits.

86% across the country had lost their deposits

In the 2019 Lok Sabha elections, a total of 8054 candidates contested from 543 parliamentary seats across the country out of which the deposits of 6,923 were forfeited, which was 85.95% of the total candidates. Of the total 8,054 candidates, 1,454 were from national parties, out of which the deposits of 6,70 were forfeited. Likewise, 50 out of 347 candidates of state level parties and 2,754 out of 2,792 candidates of registered unrecognised parties were not able to save their security deposits. The deposits of 3,449 candidates out of 3,461 who contested the elections as independents were also forfeited.

Highest in 1996, lowest in 1957

Of the 17 general elections held between 1952 and 2019, the 1996 election saw the maximum deposits of 93% of the candidates being forfeited in UP. In this election, a total of 3,297 candidates were in the fray from 80 seats of UP out of which the deposits of 3,062 were forfeited. At the same time, in 1957, the deposits of least, around 30.13% of the candidates were confiscated. There were a total of 292 candidates in that election and the deposits of 88 were forfeited.

Agra's 'perennial' Hasnu Ram

Hemendra Chaturvedi
Hemendra.chaturvedi@htlive.com

AGRA: Hasnu Ram Ambedkari, 79, defies conventional wisdom by persistently contesting elections despite facing defeat in 98 previous attempts since 1985. Unfazed by setbacks, he embarks on his 99th and 100th electoral campaigns for Agra and Fatehpur Sikri seats, driven solely by his passion for electoral participation. His nomination was rejected from Fatehpur Sikri (Agra Rural).

Hasnu Ram Ambedkari purchases nomination papers at the Agra collectorate. HT

Despite his age and recent mobility challenges, Ambedkari remains resolute, symbolizing an unwavering commitment to his democratic rights.

His family, acknowledging his unorthodox pursuit, respects his passion, emphasising his lifelong dedication to his beliefs.

Ambedkari's diverse employment history, from MNREGA worker to clerk, reflects his resourcefulness in funding his candidacies, ensuring independence from family support.

Reflecting on past disappointments, including broken political promises and personal sacrifices, Ambedkari remains undeterred, attributing his resilience to personal conviction rather than electoral success.

As he approaches the symbolic milestone of 100 contests, he acknowledges the uncertainties of fate but remains steadfast in his pursuit of democratic engagement.

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० टाइम्स ऑफ इंडिया लखनऊ दिनांक 22 APR 2024

Why adverse climatic condition is no poll issue in Bundelkhand

Arindam.Ghosh
@timesgroup.com

Jhansi: While the scientists have predicted 2024 to be even hotter than the previous year amidst El Nino effect breaking all past records, this isn't anything different for Bundelkhand, a region known for its extreme climatic conditions.

The region has been vulnerable to swift changing climatic conditions making life tough for its inhabitants. For example, the region recently witnessed huge crop damage due to untimely rain and hailstorm followed by damages due to wildfire because of hot winds in a period of a month.

The delayed monsoon to the region makes it difficult for the farmers here to sustain their cattle, forcing them to abandon them – a cruel tradition known as 'annapratha' locally.

During the monsoon months, lightning claims a higher number of lives here as compared to the rest of Uttar Pradesh. Heavy rains result in severe loss of crops.

While the local population deals with these issues every day, surprisingly, these don't figure in the poll campaigns in the region.

Recently, a group of women water warriors, known as 'Jal Saheli', raised the issue from a public platform while demanding it to be on the poll agenda of all the political parties.

Executive director, Centre for Science and Environment, Anumita Roychowdhury, says, "Local signs of worsening climate impacts are already starkly evident in the Bundelkhand region indicating high economic impacts. This reality needs immediate local political attention to build an electoral mandate around the need for mainstreaming the climate narrative in the local development agenda and mobilise political and electorate support for it."

Climate activist Sanjay Singh says that lack of sensitivity among common people and politicians towards the tough climatic conditions here has marginalised the issue that regularly affects the population.

TOI

Jal Saheli, a group of women water warriors, protesting for rejuvenation of the Gorari river in Simrawari area of the district

BJP sitting MP and Lok Sabha candidate from Jhansi-Lalitpur constituency Anurag Sharma says, "While making the list of local issues, we seek opinion from people from all quarters of the constituency, but there are hardly any people who raise this issue. However, climate-related issues do appear in our national manifesto."

The Lok Sabha candidate of the INDIA bloc from this constituency and former Union minister, Pradeep Jain, says, "Local climatic conditions may not be the issue in our manifesto, but we have been raising related issues such as illegal mining which is a major cause very strongly for many years."

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ..... दै0 आईनेक्स्ट, लखनऊ ..... दिनांक 22 APR 2024

आठ सीटों पर 61.11 प्रतिशत मतदान

LUCKNOW (21 APRIL): पहले चरण की आठ लोकसभा सीटों के लिए शुक्रवार को हुए मतदान में 0.86 प्रतिशत वोट और बढ़ गए हैं. चुनाव आयोग की ओर से जारी मतदान के अंतिम आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में 61.11 प्रतिशत हुआ है. शुक्रवार की रात मतदान के जो अनंतिम आंकड़े दिए गए थे उसके अनुसार 60.25 प्रतिशत मतदान बताया गया था. सर्वाधिक 66.14 प्रतिशत मतदान सहारनपुर में हुआ है. रामपुर में सबसे कम 55.85 प्रतिशत वोट पड़े हैं. बिजनौर में 58.73, कैराना में 62.46, मुरादाबाद में 62.18, मुजफ्फरनगर में 59.13, नगीना में 60.75 व पीलीभीत में 63.11 प्रतिशत मतदान हुआ है.

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० स्वतंत्र चेतना लखनऊ दिनांक 22 APR 2024

ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग का कार्य त्रुटिरहित ढंग से करायें पूर्ण :डीएम

मतदान केन्द्रों पर छाया व पेयजल को किये जाय माकूल प्रबन्ध

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतदान प्रकिया को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों के अनुसार विधानसभावार ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग कार्य, मतदेय स्थलों की तैयारी के सम्बंध में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा निर्देश दिये गये कि इस सम्बंध में आयोग द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का भलि-भांति अध्यन करते हुए ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग कार्य को त्रुटिरहित ढंग से सम्पन्न कराया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि गर्मी के दृष्टिगत मतदान केन्द्रों पर छाया के उचित प्रबन्ध कियाा जाय ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही स्वच्छ पेयजल व दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं के व्हीलचेयर की भी व्यवस्था रखी जाय।उन्होनें कहा कि माडल बूथ के रूप में पिंक बूथ, दिव्यांग बूथ, यूथा बूथों को साज-सज्जा से आकर्षण बनाया जाय। प्रयास किया जाय कि सभी बूथों को गुब्बारों इत्यादि से सजाया भी जाय। डीएम ने तहसीलों को निर्देश दिया कि जनपद के प्रवासी मतदाताओं के सम्पर्क नम्बर यथाशीघ्र उपलब्ध करा दे ताकि ऐसे मतदाताओं को जनपद में 13 मई ,व 20 मई 2024 को होने वाले मतदान में मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने के बल्क एसएमएस भेजे जा सकें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी, राजस्व कर्मी तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ..... दै० स्पष्ट आवाज लखनऊ ..... दिनांक: 22 APR 2024

आबकारी विभाग ने छापेमारी कर बरामद की अवैध शराब

अमेठी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत आबकारी आयुक्त के निर्देश पर प्रदेश भर में अवैध शराब के विरुद्ध चला ये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत, जिलाधिकारी अमेठी व उप आबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी, अमेठी के पर्यवेक्षण मे रविवार को जनपद अमेठी में गठित टीम द्वारा ग्राम , हिण्डोलनी, सूखी बांजगढ , धौकल का पुरवा , तथा बलई का पुरवा में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान क्षेत्र -3 के थाना कमरौली के अन्तर्गत ग्राम हिण्डोलनी से कुल 36 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 100 किलो ग्राम लहन मौके पर नष्ट किया । इस कार्यवाही में 02 अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया। साथ ही आबकारी दुकानो का सघन निरीक्षण किया गया तथा ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण, बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई तथा रोड एवं ढाबों की चैकिंग भी की गई।उक्त कार्यवाही मे चन्द्रभान वर्मा आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-3 तथा सुषमा मिश्रा आ० नि० क्षेत्र -1 व समस्त स्टाफ मो० साबिर सिद्दीकी ,समशेर कुमार, (प्र० आ० मि) सर्वेश वर्मा, योगेश कुमार तथा पुष्पेन्द्र कुमार (आबकारी सिपाही) तथा आबकारी वाहन चालक बृजेश चन्द्र पाण्डेय सम्मलित रहें।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ..... दैनिक भास्कर लखनऊ ..... दिनांक 22 APR 2024

चुनाव का पर्व 13 मई को, मतदान अवश्य करें : जिला निर्वाचन अधिकारी

जिला निर्वाचन अधिकारी ने नवीन मंडी परिसर में लोगों को वोट डालने के लिए किया प्रेरित

भास्कर ब्यूरो

कन्नौज। चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा लोगों को जागरूक करने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल द्वारा मंडी परिसर में सब्जी मंडी में लोगों के बीच जाकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मतदाता जागरूकता हेतु लोगों के बीच जाकर जागरूक किया तथा आमंत्रण पत्र वितरण किये। उन्होने कहा कि सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए 13 मई को अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान अवश्य करें। उन्होंने मतदाताओं से आग्रह करते हुए कहा कि आप लोग याद रखें उन्होंने कहा कि आगामी 13 मई मतदान दिवस पर आप स्वयं जाएं और अपने परिवारजनों को भी बूथों साथ ले जाएं। कहा कि आप सभी लोग अपने पड़ोसियों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करें। पूर्व में ऐसा देखा गया है नगरी क्षेत्र में अधिकांश मतदाता मतदान केंद्रों पर नहीं जाते हैं इसी दृष्टिकोण से हम आपके बीच आए हैं कि आप सभी लोग अपने मतदान केंद्रों पर अवश्य जाएं। कहा कि मतदान पर्ची आपके घर पहुंच जायेगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव प्रारंभ हो गया है कन्नौज संसदीय क्षेत्र में 13 मई को मतदान होना है। कहा कि आप सब जागरुक मतदाता है 13 मई को सुबह 7:00 बजे अपने मतदान केंद्रों पर अवश्य जाएं और अपने परिवार को भी साथ में ले जाएं।इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, जॉइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा, उपजिलाधिकारी सदर अवीनाश कुमार गौतम, उपजिलाधिकारी न्यायिक सदर नवनीता राय, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दैनिक भास्कर लखनऊ दिनांक 22 APR 2024

मतदाता जागरूकता अभियान के लिए आठ स्थानों से निकाली गई स्कूटी रैली

भास्कर ब्यूरो

वाराणसी। लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 में अधिक से अधिक मतदान किये जाने हेतु सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के अन्तर्गत रविवार को जनपद में स्कूटी रैली के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान किया गया। जिलाधिकारीध्जिला निर्वाचन अधिकारी एस. राजलिंगम ने यू०पी०कालेज गेट से स्कूटी रैली हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो कि अतुलानन्द स्कूल, शिवपुर सेन्ट्रल जेल रोड, अम्बेडकर चौराहा, मिन्ट हाउस, जेएचवी माल, कचहरी होते हुए सर्किट हाउस पहुंचा। रैली में लोग ह्मतदान का महापर्व, आओ वोट करेंह्व का स्टीकर लगाए को चल रहे थे। जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है, ऐसे में सबकी जिम्मेदारी है कि वह इस पर्व को अच्छे से मनाए और मतदान करे।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारीध्प्रभारी अधिकारी स्वीप हिमांशु नागपाल ने भी आगामी 1 जून को अपने-अपने मतदान केंद्र पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग हर हालत में किए जाने हेतु लोगों से अपील की।

बताते चलें कि आज रविवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यू०पी०कालेज गेट से अतुलानन्द स्कूल, शिवपुर सेन्ट्रल जेल रोड, अम्बेडकर चौराहा, मिन्ट हाउस, जेएचवी माल, कचहरी होते हुए सर्किट हाउस, कबीरचौरा से मैदागिन से मछोदरी होते हुए राजघाट, मालवीय चौराहा बी०एच०यू से रविन्द्रपुरी, चेतमणि चौराहा, भवनियां पोखरी जल संस्थान होते हुए कमच्छा मन्दिर, रथयात्रा होते हुए नगर निगम मुख्यालय सिगरा, मोहनसराय से गंगापुर नगर पंचायत, कपसेठी बीआरसी केन्द्र से ब्लाक मुख्यालय, पिंडरा बाजार से फूलपुर बाजार, दीपराज तिराहा कटारी से चोलापुर बाजार तिराहा तथा चिरईगांव ब्लाक मुख्यालय से उमरहा बाजार तक, कुल आठ स्थानों से मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में लोग शामिल हुए।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० स्पष्ट आवाज लखनऊ दिनांक 22 APR 2024

463 मतदान कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण

हमीरपुर। सीडीओ व प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक लोकसभा सामान्य निर्वाचन व जिला निर्वाचन अधिकारी हमीरपुर के निर्देश के क्रम में आज राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदान ड्यूटी में लगाए गए पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान अधिकारियों का दो पाली में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में प्रथम पाली में 304 व द्वितीय पाली में 164 मतदान कर्मियों को प्रशिक्षित किया जाना था। जिसके सापेक्ष प्रथम पाली में 300 एवं द्वितीय पाली में 163 कुल 463 मतदान कार्मिक उपस्थित रहे। जिन्हें पोलिंग बूथ में सुचारू एवं निष्पक्ष रूप से मतदान सुनिश्चित करने हेतु सघन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, जिला विकास अधिकारी एवं मुख्य प्रशिक्षकों द्वारा मतदान संबंधी दायित्वों की सम्यक जानकारी प्रदान की गई।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० स्वतंत्र चेतना लखनऊ दिनांक 22 APR 2024

द्वितीय चरण मतदान की सुरक्षा के लिए पुलिस बल रवाना

स्वतंत्र चेतना,

बाराबंकी लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के द्वितीय चरण-जनपद हापुड़ में होने वाले मतदान को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु क्षेत्राधिकारी हैदरगढ़ द्वारा अतिरिक्त पुलिस बल को ब्रीफ कर किया गया रवाना।क्षेत्राधिकारी हैदरगढ़ श्री हर्षित चौहान द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के द्वितीय चरण-जनपद हापुड़ में मतदान को सकुशल शान्ति पूर्ण सम्पन्न कराने हेतु जनपद बाराबंकी से ड्यूटी हेतु लगे अतिरिक्त पुलिस बल को ब्रीफ कर रवाना किया गया। ब्रीफिंग के दौरान प्रतिसार निरीक्षक श्री सुभाष चन्द्र मिश्र एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। क्षेत्राधिकारी द्वारा पुलिस बल को चुनाव ड्यूटी को पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ करते हुए मतदान को शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने गया। क्षेत्राधिकारी द्वारा लोकसभा

एवं मतदेय स्थल की सुरक्षा एवं अवांछनीय तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए आदर्श चुनाव अचार संहिता एवं माननीय चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए मतदान को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु 52 मुख्य आरक्षी/आरक्षी को सशस्त्र, 1 बस के माध्यम से दैनिक उपयोग की • वस्तुएं (फर्स्ट एड किट, लंच आदि) देकर हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० स्वतंत्र चेतना लखनऊ दिनांक 22 APR 2024

मीडिया एकादश ने 36 रनों से प्रशासन एकादश को दी शिकस्त

अमेठी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार को डा भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत अमेठी मीडिया एकादश एवं अमेठी प्रशासन एकादश के मय क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें मीडिया एकादश की टीम ने 36 रनों से मैच जीता। पहले बल्लेबाजी करते हुए मीडिया एकादश की टीम ने 20 ओवरों में 172 रन बनाए जिसके सापेक्ष प्रशासन एकादश की टीम 20 ओवर में 136 रन ही बना पाई। क्रिकेट मैच में मीडिया एकादश की टीम में पवन यादव चिंतामणि मिश्र ड नृपेन्द्र त्रिपाठी अजुग पांडे दिलीप यादव विजय मिश्रा अभिषेक त्रिपाठी देवेंद्र सिंह इमरान राहुल लोकेश त्रिपाठी जितेन्द्र कौशल तथा प्रशासन एकादश की टीम में पुलिस आीक्षक अनूप कुमार अपर जिलाािकारी न्यायिक दिनेश मिश्र उपजिलाािकारी गौरीगंज दिग्विजय सिंह उपजिलाािकारी मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया उपजिलाािकारी तिलोई आशीष सिंह अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मो असलम जिला समाज कल्याण आिकारी राजेश शर्मा सहायक अभियंता लघु सिंचाई अभिषेक पटेल तहसीलदार गौरीगंज अभय राज तहसीलदार मुसाफिरखाना राहुल सिंह तहसीलदार तिलोई अभिषेक यादव शामिल रहे। मैच में दोनों टीमों के सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। मैच के उपरांत विनर तथा रनर दोनों टीमों को जिला निर्वाचन आिकारी/जिलाािकारी निशा अनंत पुलिस आीक्षक अनूप कुमार एवं मुख्य विकास आिकारी सूरज पटेल द्वारा ट्रफी दी गई। इस अवसर पर जिला निर्वाचन आिकारी ने कहा कि. क्रिकेट मैच में दोनों टीमों का शानदार प्रदर्शन रहा सभी खिलाड़ियों ने बहुत उत्साह के साथ मैच खेला। उन्होंने दोनों टीमों को बााई दी तथा कहा कि इस क्रिकेट मैच का उद्देश्य लोकसभा सामान्य निर्वाचन के अंतर्गत आगामी 20 मई को जन सामान्य अपने मतािकार का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि खेल में टीम की जीत से बड़ी जीत खेल भावना की है यह भावना एक दूसरे को जोड़ती है तथा यह संदेश देती है कि आओ हम सब साथ खेले साथ चलें 20 मई 2024 को साथ मतदान करें। जब हम सब मतदान करेंगे तभी लोकतंत्र मजबूत होगा और देश जीतेगा। इसके साथ ही उन्होंने क्रिकेट टीम को स्पन्सर करने के लिए एसबीआई बैंक तथा मीडिया व प्रशासन की टीमों को ान्यवाद दिया।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० स्वतंत्र चेतना लखनऊ दिनांक 22 APR 2024

अवैध देशी शराब बेचते गिरफ़्तार

अपराध ब्यूरो

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश शासन एवं आबकारी आयुक्त, उ० प्र० के आदेश के क्रम में पुलिस आयुक्त, लखनऊ व जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री और तस्करी पर

अंकुश लगाने हेतु जनपद में चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज आबकारी निरीक्षक सेक्टर 1 कीर्ति पाण्डेय, लखनऊ द्वारा मयस्टॉफ संदिग्ध स्थानों पर दबिश और छापेमारी की गई। दौरान दबिश थाना मदेयगंज अन्तर्गत डालीगंज क्रॉसिंग के पास से एक अभियुक्त सुनील कुमार पुत्र स्वर्गीय परमेश्वर दीन , निवासी शिवलोक , त्रिवेणी नगर -3 निराला नगर , लखनऊ को अवैध देशी शराब बेचते हुए गिरफ़्तार किया गया । मौके से विण्डीज ब्राण्ड की 24 टेट्रा पैक देशी शराब बरामद हुई । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना मदेयगंज में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए जेल भेजा गया । क्षेत्र में प्रवर्तन कार्य आगे भी जारी रहेगा।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० स्वतंत्र चेतना लखनऊ दिनांक 22 APR 2024

डीएम ने प्रत्याशियों के नामांकन एवं पोलिंग पार्टियों के प्रस्थान की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

स्वतंत्र चेतना

बाराबंकी, जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट श्री सत्येंद्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ एडीएम श्री अरुण कुमार सिंह, एडीनशल एसपी श्री चिरंजीव नाथ सिन्हा और एसडीएम नवाबगंज श्री विजय त्रिवेदी के साथ लोकसभा चुनाव 2024 के प्रत्याशियों के नामांकन एवं पोलिंग पार्टियों के प्रस्थान की व्यवस्थाओं का मौके पर पहुँचकर जायजा लिया। शनिवार की शाम जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रत्याशियों के नामांकन आदि की व्यवस्थाओं की जानकारी के लिए नामांकन कक्ष व आने जाने के रास्ते आदि की तैयारियों का भी जायजा लिया। इसके बाद जीआईसी ऑडिटोरियम, मंडीस्थल, परमेश्वर पैलेस और सीपी पैलेस आदि स्थानों पर पहुँचकर पोलिंग पार्टियों के स्टेशनरी; ईवीएम सहित सामग्री उपलब्ध कराना एवं निर्धारित वाहनों के जरिये उनकी रवानगी सहित वाहनों के आवागमन आदि की व्यवस्थाओं से सम्बंधित रूट चार्ट आदि की मौके पर ही अधिकारियों से जानकारी ली एवं सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० तरुणमित्र दिनांक 22 APR 2024

नामांकन के आखिरी दिन गाजेबाजे के साथ अधिवक्ताओं ने पेश की दावेदारी

लालगंज, प्रतापगढ़, 21 अप्रैल (तरुणमित्र)। संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में मतदान के अखिरी दिन प्रत्याशियों द्वारा नामांकन को लेकर चुनाव समिति के कार्यालय के समक्ष धूम मची दिखी। गाजेबाजे के साथ प्रत्याशियों ने समर्थकों के उत्साह भरे माहौल में चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के समक्ष अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये।

अध्यक्ष पद पर शनिवार को राजेश चन्द्र तिवारी, घनश्याम मिश्र तथा विजय कुमार तिवारी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर शैलेन्द्र चतुर्वेदी, अबरार अहमद, विभाकर नाथ शुक्ल तथा उपाध्यक्ष पद पर बालेन्द्र

अध्यक्ष पद पर आठ तथा महामंत्री पद पर पांच प्रत्याशियों के बीच होगा रोचक मुकाबला

कुमार त्रिपाठी, आशीष कुमार त्रिपाठी एवं विनय कुमार जायसवाल ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

महामंत्री पद पर संजीव कुमार तिवारी, महेश कुमार पटेल, अरविन्द पाण्डेय तपन ने अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए। सहमंत्री पद पर वेद व्रत त्रिपाठी व पंकज त्रिपाठी तथा प्रचार मंत्री पद पर विनोद कुमार शर्मा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। सदस्य कार्यकारिणी पद पर सतीश पाण्डेय, आशुतोष द्विवेदी तथा दानिस ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

अध्यक्ष पद पर अब आठ प्रत्याशी तथा महामंत्री पद पर पांच प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होगा। चुनाव समिति के महामंत्री देवी प्रसाद मिश्र ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच दिनांक बाइस अप्रैल तथा तेईस अप्रैल को नाम वापसी की प्रक्रिया संचालित होगी। नामांकन प्रक्रिया की देखरेख में राममोहन सिंह, वीरेन्द्र सिंह अगई, शिवाकान्त उपाध्याय, अजय शुक्ल गुड्डू, कालिका प्रसाद पाण्डेय, राधा रमण शुक्ल, टीपी यादव को जुटे देखा गया। नामांकन प्रक्रिया के आखिरी दिन दिन भर तहसील परिसर में चुनावी गहमागहमी का माहौल दिखा।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० तरुणमित्र लखनऊ दिनांक 22 APR 2024

प्रेक्षकगणों से मिल कर दी जा सकती है निर्वाचन सम्बन्धी जानकारी

बरेली, 21 अप्रैल (तरूणमित्र)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं निर्भीक ढ़ंग से सम्पन्न कराने के लिये चुनाव आयोग द्वारा नामित सामान्य एवं पुलिस प्रेक्षक जिले में पहुंच गये हैं जोकि आईवीआरआई के दत्ता गेस्ट हाउस में ठहरे हुये हैं। लोकसभा क्षेत्र 24-आंवला के सामान्य प्रेक्षक मुकेश कुमार अहूजा से सुबह 10 बजे से 11 बजे तक आईवीआरआई के दत्ता गेस्ट हाउस के कक्ष संख्या 04 में मिला जा सकता है। प्रेक्षक का मोबाइल नम्बर 8979955491, लैण्डलाइन नम्बर 0581-2990347 है। लोकसभा क्षेत्र-25 बरेली के सामान्य प्रेक्षक जीवन बाबू के० से सुबह 08.30 बजे से 09.30 बजे तक आईवीआरआई के दत्ता गेस्ट हाउस के कक्ष संख्या 04 में मिला जा सकता है। प्रेक्षक महोदय का मोबाइल नम्बर 8218980180, लैण्डलाइन नम्बर 0581-2990349 है। लोकसभा क्षेत्र-24 आंवला व 25-बरेली के पुलिस प्रेक्षक श्रीमती वी० रत्ना से सुबह 09 बजे से 10 बजे तक आईवीआरआई के दत्ता गेस्ट हाउस के कक्ष संख्या 04 में मिला जा सकता है। प्रेक्षक का मोबाइल नम्बर 8929198079, लैण्डलाइन नम्बर 0581-2990350 है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सम्बंध में अगर किसी व्यक्ति को निर्वाचन से संबंधित कोई शिकायत/जानकारी देनी है तो वह प्रेक्षक को उक्त नम्बरों पर शिकायत/जानकारी दे सकते हैं। अथवा निर्धारित स्थान पर मिल सकते हैं। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी(वि./रा.)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष बहादुर सिंह ने दी है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० तरुणमित्र लखनऊ दिनांक 22 APR 2024

जिनिअ ने की ईवीएम स्ट्रांगरूम और चुनावी तैयारियों की समीक्षा

एटा, 21 अप्रैल (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने मण्डी समिति में चुनावी तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आगरा लोकसभा क्षेत्र के पुलिस प्रेक्षक एन0एस0 निशा आईपीएस और सामान्य प्रेक्षक वरुण रंजन आईएएस को ईवीएम स्ट्रांगरूम, बैरीकेटिंग, पोलिंग पार्टी रवानगी और ईवीएम सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी।

डीएम ने प्रेक्षकगणों को मण्डी समिति में ईवीएम स्ट्रांगरूम के लिए चिन्हित किए गए स्थान, पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल, वाहनों की पार्किंग और बैरीकेटिंग की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ईवीएम की कमिश्निंग का कार्य मण्डी समिति में ही किया जाएगा। आगरा लोकसभा क्षेत्र में तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होगा, जिसके लिए पोलिंग पार्टियां यहीं से मतदान सामग्री लेकर पोलिंग स्टेशनों पर रवाना होंगी।

उन्होंने कहा कि आयोग के सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए चुनावी प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने प्रेक्षकगणों द्वारा दिए गए सुझावों और निर्देशों का सख्ती से पालन करने की प्रतिबद्धता जताई। साथ ही, उन्होंने मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस दौरान एसएसपी राजेश कुमार सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आयुष चौधरी, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश, एएसपी धनंजय सिंह कुशवाह, उप जिलाधिकारी जलेसर और क्षेत्राधिकारी नगर सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० तरुणमित्र लखनऊ दिनांक 22 APR 2024

डालीगंज क्रासिंग के पास अवैध शराब बेचते धरा गया

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री और तस्करी पर अंकुश लगाने को लेकर लखनऊ जनपद में चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत रविवार को आबकारी निरीक्षक सेक्टर एक कीर्ति पाण्डेय, लखनऊ द्वारा मयस्टॉफ संदिग्ध स्थानों पर दबिश और छापेमारी की गई। जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने तरूणमित्र को बाया कि इस दौरान दबिश थाना मंदेयगंज अन्तर्गत डालीगंज क्रॉसिंग के पास से एक अभियुक्त सुनील कुमार पुत्र स्वर्गीय परमेश्वर दीन को अवैध देशी शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया गया।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० तरुणमित्र लखनऊ दिनांक 22 APR 2024

नामांकन कक्ष स्थापित करने को लिया जायजा

अंबेडकरनगर 21 अप्रैल 2024। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 16 मार्च 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा निष्पक्ष, पारदर्शी चुनाव कराने हेतु शनिवार को नामांकन कक्ष स्थापित करने हेतु जायजा लिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष, निर्वाचन कार्यालय परिसर, जिलाधिकारी परिसर, अपर जिलाधिकारी कार्यालय परिसर का जायजा लिया गया। जिसमें सुरक्षा व्यवस्था, बैरी केटिंग तथा अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिया गया। जिससे नामांकन के समय आने वाले प्रत्याशियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे, उप जिलाधिकारी अकबरपुर पवन कुमार जायसवाल, क्षेत्राधिकारी, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी तथा अन्य अधिकारी /कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० तरुणमित्र लखनऊ दिनांक 22 APR 2024

व्यय प्रेक्षक ने किया महसी क्षेत्र का भ्रमण

बहराइच, 21 अप्रैल (तरूणमित्र)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अ.जा.) के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक टी. सेंथिल मुरूगन ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र महसी का भ्रमण कर क्षेत्र में तैनात फ्लाईंग स्क्वायड टीम तथा एस.एस.टी. बैरियर्स का निरीक्षण कर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लागू आदर्श आचार संहिता/निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य की जा रही कार्यवाही की बाबत जानकारी प्राप्त की। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र महसी के भ्रमण के दौरान व्यय प्रेक्षक श्री गुरूगन ने रामगांव चौराहा पर मौजूद स्टैटिक सर्विलांस टीम के मुखिया प्रशान्त

गौड से टीम गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया सतर्कता बनाये रखें। इसके पश्चात राजी चौराहा पर मौजूद फ्लाईंग स्क्वायड टीम के मुखिया हरिभान सिंह से जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि वाहनों

- ग्रीष्म ऋतु को मद्देनजर रखते हुए सावधानी बरतने के दिये निर्देश
- एस.एस.टी. व एफ.एस.टी. की गतिविधियों से हुए रूबरू

की चेंकिंग का ब्यौरा पंजिका में दर्ज किया जाय। व्यय प्रेक्षक ने निर्देश दिया कि वाहन चालक का विवरण भी प्राप्त किया जाय तथा वाहन कहां से कहां को जा रहा है तथा यात्रा के उद्देश्य के बारे में भी जानकारी प्राप्त की जाय। व्यय प्रेक्षक ने महाराजगंज व चाहलारीघाट पर मौजूद फ्लाईंग स्क्वायड टीम तथा रमपुरवा व खैराबाजार में एसएसटी की गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर निर्देश दिया कि सभी टीमें मुस्तैदी के साथ कार्य करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गयी मानक प्रचालन प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित कराएं।

व्यय प्रेक्षक के क्षेत्र भ्रमण की विशेषता यह रही है कि निरीक्षण के दौरान फ्लाईंग स्क्वायड तथा स्टैटिक सर्विलांस टीम के सदस्यों को सुझाव दिया कि शुष्क मौसम व हीट वेव को देखते हुए अपनी सेहत का ध्यान रखते हुए उत्तरदायित्वों का निर्वहन करें। टीम के सदस्यों को प्रेक्षक ने सुझाव दिया कि ड्यूटी करते समय अपने पास पानी अवश्यक रखें तथा जहां तक संभव हो सर को भी ढक कर रखें। इस अवसर पर व्यय प्रेक्षक के लाईजन आफिसर/जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह मौजूद रहे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

22 APR 2024

समाचार पत्र का नाम ..... दै0 आईनेक्स्ट, लखनऊ ..... दिनांक .....

सबसे कम पोलिंग बूथ कैंट में और सर्वाधिक सरोजनीनगर में

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (21 April):

लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं. सभी मतदान केंद्रों और पोलिंग बूथों पर सुविधाओं को अंतिम रूप देने का काम शुरू कर दिया गया है. सरोजनीनगर में सबसे अधिक मतदान बूथ बनाए गए हैं, जबकि कैंट में सबसे कम मतदान बूथ रहेंगे.

लोकसभा चुनाव में करीब 28 हजार कर्मियों की लगाई जाएगी ड्यूटी

287

मतदान केंद्र बनाए गए मलिहाबाद में

सर्वाधिक बूथ यहां

अब अगर पोलिंग बूथ की बात की जाए तो सरोजनीनगर में सबसे अधिक 582 बूथ बनाए गए हैं, जबकि कैंट में यह संख्या 330 की है. अन्य विधानसभाओं में यह आंकड़ा 339 से लेकर 414 तक है. पूर्व में 417 बूथ बनाए गए हैं, वहीं मध्य में यह संख्या 339 की है.

यहां मतदान केंद्र अधिक

मलिहाबाद में सबसे अधिक मतदान केंद्र 287 बनाए गए हैं. सबसे कम मतदान केंद्र की संख्या लखनऊ उत्तर में है. यहां मतदान केंद्र की संख्या 84 है. इसी तरह मध्य में 94, पश्चिम में 104, सरोजनीनगर में 231 मतदान केंद्र बनाए गए हैं. वहीं दूसरी ओर इस बार लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को लगातार जागरुक किया जा रहा है. सामाजिक संगठन इसमें लगे हैं.

इस तरह समझें

विधानसभा	बूथ	केंद्र
मलिहाबाद	405	287
बीकेटी	487	271
सरोजनीनगर	582	231
पश्चिम	414	104
उत्तर	393	84
पूर्व	417	86
मध्य	339	94
कैंट	330	89
मोहनलालगंज	399	299

व्यवस्थाओं की मॉनीटरिंग

जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार के निर्देश पर सभी मतदान केंद्र और पोलिंग बूथों पर वोटर्स को लेकर सुविधाएं डेवलप की जा रही हैं. सीनियर सिटीजंस और दिव्यांगजन वोटर्स के लिए सक्षम एप पर खास तौर पर निगरानी की जा रही है. जिससे अगर कोई भी एप के माध्यम से वोटरी आती है तो उसे तुरंत दूर किया जा सके.

80 प्रतिशत से अधिक लक्ष्य

इस लोकसभा चुनाव में 80 प्रतिशत से अधिक वोटिंग का लक्ष्य रखा गया है और इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए अलग-अलग चरणों में जागरुकता अभियान चलाए जा रहे हैं. इस बार 39 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का यूज करेंगे. वहीं नए मतदाता भी अपना प्रतिनिधि चुनते हुए नजर आएंगे. चूंकि 20 मई को ही पूर्वी विधानसभा की एक सीट पर उपचुनाव भी होना है, ऐसे में यहां भी मतदान केंद्रों तक अधिक से अधिक मतदाता पहुंचे, इसके लिए कवायद हो रही है.

29 अप्रैल से शुरू होगी ट्रेनिंग

जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि 29 अप्रैल से चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिकों की ट्रेनिंग शुरू कराई जाएगी. पहले रैंडमाइजेशन में 28 हजार 116 कार्मिकों की ड्यूटी को निर्धारित किया गया है. इसमें 4769 पीठासीन अधिकारी, 4769 मतदान अधिकारी प्रथम, 16523 मतदान अधिकारी सेकंड व तृतीय एवं 598 माइक्रो आब्जर्वर हैं.



समाचार पत्र का नाम ....दै० आईनेक्स्ट, लखनऊ............ दिनांक ....22 APR 2024....

रक्षा मंत्री 29 अप्रैल को करेंगे नामांकन

26 को पूर्वी विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार दाखिल करेंगे नामांकन

LUCKNOW (21 APRIL): रक्षा मंत्री राजनाथ सिह लखनऊ संसदीय सीट से 29 अप्रैल को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे. नामांकन जुलूस में मंत्री, महापौर, विधायक, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे. भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री समेत सभी अन्य लोग भाजपा के प्रदेश मुख्यालय पर सुबह दस बजे एकत्र होंगे. राजनाथ सिह भव्य पार्टी रथ पर सवार होकर विशाल जनसमूह के साथ कलेक्ट्रेट की तरफ जाएंगे. दूसरी तरफ पूर्वी विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव 26 अप्रैल को नामांकन करेंगे. वह दोपहर बारह बजे भाजपा प्रदेश मुख्यालय से कलेक्ट्रेट के लिए प्रस्थान करेंगे.